# University in News on 15 September 2021

**AMRIT VICHAR PAGE 3**

## यतींद्र को दिया गया डॉक्टर रायराजेश्वर बली- स्वर्ण पदक

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग के तत्वावधान में हिंदी दिवस एवं उपाधि वितरण समारोह का आयोजन राधा कमल मुखर्जी सभागार में मंगलवार को हुआ।

इस अवसर पर मुख्य समागत के रूप में आशुतोष शुक्ला, विशिष्ट अतिथि हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित, कुलाधिपति नामित लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी के सदस्य और साहित्यकार फिल्म निर्माता अंशु टंडन और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी चिरंजीव नाथ सिन्हा उपस्थित रहे। उपाधि वितरण समारोह में लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग से वर्ष 2000 में परास्नातक उत्तीर्ण यतींद्र मोहन मिश्र को डॉक्टर रायराजेश्वर बली- स्वर्ण पदक दिया गया। इसी क्रम में परास्नातक हिन्दी छात्रों को उपाधि दी गई।

**JAGRAN CITY PAGE I**

## लवि में परीक्षाएं 21 से

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की पीजी डिप्लोमा इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन की परीक्षाएं 21 से 26 सितंबर तक होंगी। विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouni.ac.in पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम अपलोड कर दिया गया है। परीक्षाएं सुबह नौ से 10 बजे तक होंगी। 21 सितंबर को लोकल गवर्नमेंट एंड एडमिनिस्ट्रेशन, 25 सितंबर को फाइनेंशियल एडमिनिस्ट्रेशन और 26 सितंबर को प्रिंसिपल्स आफ आर्गेनाइजेशन एंड मैनेजमेंट विषय की परीक्षा होगी। (जासं)

**RASHTRIYA SAHARA PAGE 5**

## चिंतन, मंथन और राजभाषा के लिए संकल्प का दिन

